## न्यूज डायरी



### पहली बार ऊंटों की सौंदर्य प्रतियोगिता में नजर आईं महिलाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। संयुक्त अरब अमीरात की राह पर चलते हुए सऊदी अरब ने महिलाओं को अधिकार देने शुरू कर दिए हैं। सऊदी महिलाओं ने पहली बार अपने ऊंटों के साथ सौंदर्य प्रतियोगिता शिप्स ऑफ द डेजर्ट में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता देश में होने वाले प्रतिष्ठित किंग अब्दुलअजीज महोत्सव का हिस्सा है। इस प्रतियोगिता में अब तक केवल पुरुष ही हिस्सा लेते थे। अपने ऊंटों के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर महिलाएं बहुत खुश हैं। 27 साल की लामिया अल रशीदी ने कहा, आज मैंने महसूस किया कि कुछ सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है। यह प्रतियोगिता देश के रुमाह रेगिस्तान में सप्ताहांत में आयोजित की गई। रशीदी ने कहा, जब मैं छोटी थी तभी से मुझे ऊंटों में बहुत रुचि रही है। मेरे परिवार में 40 ऊंट हैं। एक बार जब यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए खुल गया तो मैंने इसमें हिस्सा लेने का फैसला किया। उन्होंने अपने चेहरे को ढंक रखा था और कंधों पर शॉल रखा हुआ था।

### पाकिस्तान ने मोहम्मद खुरासानी के मरने का किया दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना को खून के आंसू रुलाने वाले वाले तहरीक ए–तालिबान के मोस्ट वांटेड आतंकी खालिद बटली उर्फ मोहम्मद खुरासानी को अफगानिस्तान के नांगरहार में मृत पाया गया है। पाकिस्तान का दावा है कि खुरासानी टीटीपी का कमांडर और प्रवक्ता था। इस बीच टीटीपी और तालिबान सरकार दोनों ने ही खुरासानी के मौत का खंडन किया है। विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना का दावा अगर सही है तो वह अफगानिस्तान की संप्रभुता को तार–तार करते हुए तालिबान राज में खुलेआम हिंसा को अंजाम दे रही है। पाकिस्तान ने तालिबान को भी अपने भरोसे में नहीं लिया है। पाकिस्तान के दावे पर टीटीपी ने एक बयान जारी करके कहा है कि उसके आधिकारिक प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी जिंदा हैं और ठीक हैं। हम मुफ्ती खालिद बटली के मौत की जांच कर रहे हैं जिनकी इस आंदोलन में कोई भूमिका नहीं है।

### तालिबान ने शुरू की अफगानिस्तान में सरकारी भर्तियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान ने एक बार फिर से सरकारी कर्मचारियों की भर्ती शुरू करने की घोषणा की है। लेकिन महिलाओं को इन भर्तियों से बाहर रखा गया है। द खामा प्रेस ने बताया कि अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के प्रशासनिक सुधार आयोग ने कहा कि वे सिविल सेवकों की भर्ती को फिर से शुरू करने के लिए एक नई नीति पर काम कर रहे हैं। काबुल में पत्रकारों से बात करते हुए आयोग के अधिकारियों ने कहा कि वे प्रशासनिक सुधारों के नेटवर्क को फिर से सक्रिय करेंगे और खुली प्रतियोगिता के माध्यम से सिविल सेवकों की भर्ती करेंगे। आयोग के प्रमुख किरामतुल्लाह अखुंदजादा ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को प्रशासन में और सुविधाएं सुनिश्चित करने और प्रशासन में सुधार के लिए काम करना होगा।

### सदी के अंत तक 180 साल तक जिंदा रह सकेगा इंसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोरंटो। आमतौर पर इंसान 60 साल तक कमाने के बाद रिटायरमेंट का आनंद लेना चाहता है लेकिन अब वैज्ञानिकों का कहना है कि वह दिन दूर नहीं जब इंसान 130 साल तक जिंदा रहेगा। वैज्ञानिकों ने कहा कि ऐसा 80 साल में होने जा रहा है। कनाडा के एचईसी मोंट्रियल के वैज्ञानिकों का सुझाव है कि इस सदी के अंत तक इंसान 180 साल तक जिंदा रह सकता है। असिस्टेंट प्रफेसर लिओ बेलजिले ने कहा कि साल 2100 तक दुनिया के सबसे ज्यादा उम्र तक जीने वाले इंसान का रेकॉर्ड टूट सकता है। वर्तमान समय में सबसे ज्यादा उम्र वाले इंसान का रेकॉर्ड फ्रांसीसी महिला जीन कालमेंट के नाम है जिनका वर्ष 1997 में 122 साल की उम्र में निधन हुआ था। प्रफेसर लिओ ने चेतावनी दी कि कुछ आंकड़े यह नहीं बताते हैं कि इंसान के जीवन में कोई ऊपरी सीमा है।

# अफगान महिलाओं ने तालिबान के खिलाफ विरोध के लिए अपनाया नया तरीका

**चेतावनी**

## इस्लामिक अमीरात को दी ये चेतावनी, हक न मिलने तक जारी रहेगा विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता लौटने के बाद विरोध कर रही अफगान महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने अपने विरोध करने का तरीका बदल दिया है। इस्लामिक अमीरात बलों की हिंसा से बचने के लिए अब महिलाओं ने अपनी मांगों को रात में दीवारों पर लिखकर विरोध करना शुरू किया है। महिला प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने दिन के समय सड़कों पर होने वाली हिंसा से बचने के लिए अब दीवारों पर लिखना शुरू कर दिया है।




**विरोध को रखेंगी जारी:** टोलो न्यूज ने बताया कि महिलाओं ने अपने शिक्षा के अधिकार, महिलाओं के काम करने के अधिकार, महिलाओं के कपड़ों की पसंद और सामाजिक और राजनीतिक जीवन में महिलाओं को शामिल करने के नारे दीवारों पर लिखे हैं। महिलाओं ने बताया कि वह दीवारों पर लिखकर भी अपने अधिकारों की मांग के लिए लड़ाई को जारी रखना चाहती हैं। इससे वह किसी भी तरह की हिंसा का सामना करने से भी बच सकेंगी। अफगान महिलाओं द्वारा दीवारों पर लिखने के अलावा, घरों में विरोध प्रदर्शन और पुरुषों के कपड़े पहनना विरोध के अन्य नए तरीके हैं।

**चुप नहीं रहेंगी महिलाएं:** एक प्रदर्शनकारी तमाना रेजाई ने कहा कि हमारे विरोध को धमकियों और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते हमने अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए अपने विरोध के तरीकों को बदल दिया है। एक अन्य प्रदर्शनकारी लेडा ने कहा कि अधिकारों को पाने के लिए विरोध करने का हमारा नया तरीका शहर की दीवारों पर चित्र बनाना है। हमारा विरोध अक्सर तालिबान की हिंसा से मिलता जुलता था। वहीं, एक अन्य महिला प्रदर्शनकारी अजीज गुल ने कहा कि हमें अपने कपड़े, काम और शिक्षा चुनने का अधिकार नहीं है। हम चुप नहीं रहेंगे और इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। इस बीच महिला प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस्लामिक अमीरात से महिलाओं को उनके अधिकार देने का आह्वान किया है। साथ ही इस्लामिक अमीरात को अपनी मांगों के पूरा न होने पर सभी क्षेत्रों में अपने विरोध प्रदर्शन को बढ़ाने की चेतावनी भी दी। महिला अधिकार कार्यकर्ता नवीदा खुरासानी ने कहा कि आज की महिलाएं 20 साल पहले की महिलाएं नहीं हैं। सभी प्रांतों में हमारे विरोध के नए तरीकों का विस्तार होगा और अपनी आवाज उठाने के लिए हम हर संभव तरीके का इस्तेमाल करेंगी। महिला अधिकार कार्यकर्ता दरिया नेशात ने कहा कि हम अपने अधिकार वापस नहीं होने देंगे और अधिकार न मिलने तक हमारा विरोध जारी रहेगा।

**महिलाओं को बुर्के में रहने के आदेश:** आपको बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता लौटने के बाद अफगान महिलाओं की शिक्षा, काम और लंबी यात्रा पर प्रतिबंध लगाने सहित कई दमनकारी नियम लागू किए गए हैं। तालिबान सत्ता में महिलाओं को धमकाने की घटनाएं एक नई सामान्य बात होती जा रही हैं।

## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच एक खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। कोरोना वायरस के लगातार सामने आ रहे वैरिएंट को देखते हुए वैक्सीन बनाने वाली कंपनी फाइजर ने एक बड़ा एलान किया है। फाइजर इंक के चीफ एग्जिक्यूटिव एल्बर्ट बोर्ला का कहना है कि कंपनी कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन को देखते हुए अपनी वैक्सीन को रीडीजाइन कर रही है। कंपनी को उम्मीद है कि ये नई वैक्सीन इस नए वैरिएंट पर कारगर साबित होगी। एल्बर्ट के मुताबिक इस वर्ष मार्च तक ये नई वैक्सीन लान्च कर दी जाएगी। बता दें कि महामारी शुरू होने के बाद से अमेरिका में लगातार कोरोना के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। एल्बर्ट के मुताबिक फाइजर के अलावा इस काम में उनकी सहयोगी कंपनी बायोएनटेक एसई भी लगी हुई है। दोनों कंपनियां एक ऐसी वैक्सीन को विकसित करने में लगी हैं जो ओमिक्रोन वैरिएंट पर पूरी तरह से कारगर हो, जिससे वैरिएंट के संक्रमण की रफ्तार को कम किया जा सके। एल्बर्ट ने इसका एलान जेपी मार्गन की सालाना हेल्थ केयर कांफ्रेंस में किया। पिछले वर्ष इस कांफ्रेंस को वर्चुअल तरीके से किया गया था। गौरतलब है कि अमेरिका में दूसरी बार दस लाख से अधिक मामले रिकार्ड किए गए हैं जो कि एक रिकार्ड है।



### उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं का कहना है कि उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपने पूर्वी समुद्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जो एक सप्ताह में उसका दूसरा परीक्षण है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 2021 में भी लगातार हथियारों के परीक्षण किए थे, जो इस बात को रेखांकित करता है कि कैसे उत्तर कोरिया वैश्विक महामारी के मद्देनजर लगाए अपने लॉकडाउन और अमेरिका के साथ परमाणु शांति वार्ता के ठप पड़े होने के दौरान अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार करना जारी रखे हुए हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने एक अंतर्देशीय क्षेत्र से अपने पूर्वी समुद्र में एकल बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

## विपक्ष की कहानी 'मरी और दफनाई' हुई है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने दोहराया है कि सेना के साथ उनकी सरकार के संबंध 'असाधारण' रहे हैं और सरकार व सेना के बीच दरार के बारे में विपक्ष की कहानी 'मरी और दफनाई' हुई है। अपने विरोधियों को एक स्पष्ट प्रतिक्रिया देते हुए, खान ने पीटीआई के प्रवक्ताओं की एक बैठक में कहा कि 'इन दिनों नागरिक–सैन्य संबंध अभूतपूर्व हैं।' यह पूछे जाने पर कि विपक्षी पीएमएल–एन और सेना के बीच संभावित सौदे की अफवाहों के संदर्भ में, क्या उन्हें किसी भी तरफ से खतरा महसूस हुआ,

**पाकिस्तानी सेना के साथ दरार पर बोले इमरान खान**

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से किसी भी तरह के दबाव में नहीं हैं। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि उन्हें सरकारी सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सरकार अपने पांच साल पूरे कर लेगी।

सप्ताहांत में मुरी में हुई घटनाओं के बारे में बात करते हुए, खान ने कहा कि समय पर व्यवस्था करने से 22 लोगों की मौत को टाला जा सकता था। उन्होंने मुरी में फंसे लोगों की मदद के लिए तेजी से आगे बढ़ने और आपदा प्रभावित हिल स्टेशन में बचाव अभियान चलाने के लिए सेना की प्रशंसा की। खान ने कहा कि देश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जबकि बुनियादी ढांचा वही था जो कई दशक पहले था। उन्होंने सुविधाओं में सुधार और पर्यटन स्थलों में नए होटलों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

इमरान खान ने कहा है कि उन्होंने अभी तक सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल में विस्तार के बारे में नहीं सोचा है। इमरान खान ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान कहा कि नया साल अभी शुरू हुआ है और नवंबर दूर है। फिर सेना प्रमुख के कार्यकाल में विस्तार की चिंता क्यों है।

### एक ट्रेन ने उड़ा दिए छोटे विमान के परखच्चे, पुलिस ने ऐन मौके पर बचाया पायलट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लास एंजेलिस। आपने सोशल मीडिया पर कई दिल को दहला देने वाले वीडियो जरूर देखे होंगे, लेकिन अमेरिका में एक जो हादसा हुआ 10 जनवरी को हुआ उसको देखकर दिल तो जरूर दहल जाएगा, साथ ही इस बात से दिल भी खुश होगा कि एक व्यक्ति की समय रहते जान बचा ली गई। दरअसल, इस वीडियो को लास एंजेलिस पुलिस डिपार्टमेंट हैडक्वार्टर ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया है। इस वीडियो को अब तक 43 हजार लोग लाइक कर चुके हैं और 11 हजार से अधिक बार इसको रीट्वीट किया जा चुका है। जिस हादसे का वीडियो लास एंजेलिस पुलिस डिपार्टमेंट ने ट्वीट किया है वो घटना दरअसल, कैलिफोर्निया की है। वहां पर जो भयानक हादसा घटित हुआ उसको देखकर सभी की आंखे फटी की फटी रह गईं। हालांकि चौकस पुलिस की वजह से एक व्यक्ति की जान जाने से बच गई। ये हादसा उस वक्त हुआ जब एक विमान अनियंत्रित होकर रेल की पटरियों पर गिर पड़ा।